समाचार

महापौर ने किया विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण

कोरबा 02 मार्च 2023 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम के विभिन्न प्रगतिरत विकास व निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने कार्यो की गुणवत्ता को देखा तथा निर्माण कार्यो की सतत मानीटरिंग करने, कार्यो में गुणवत्ता सुनिश्चित करने व समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुखसागर निर्मलकर, पालूराम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा महाराणा प्रताप चौक बुधवारी से के.सी.सी.कालेज की ओर नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने स्थल पर पहुंचकर प्रगतिरत निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, वर्क क्वालिटी का परीक्षण किया तथा नाला निर्माण के विभिन्न तकनीकी व व्यवहारिक पहलूओं पर अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी प्रकार ओपन थियेटर घंटाघर मैदान के समीप स्मृति उद्यान के बगल से कांशीनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर निगम द्वारा सी.सी. सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। महापौर श्री प्रसाद ने उक्त निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया, कार्यप्रगति को देखा तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बगल से गुजरने वाली सड़क में सेंट जेवियर्स स्कूल तक पेच रिपेरिंग का कार्य कराया जा रहा है, महापौर श्री प्रसाद ने उक्त स्थल पर पहुंचकर पेच रिपेरिंग कार्य का सघन निरीक्षण किया तथा कार्य के विभिन्न तकनीकी पहलूओं पर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।